TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

16 जुलाई 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

श्रेष्ठ व्यक्ति पहले स्वयं को सुधारता है फिर दूसरों को।

कन्फ्यूशियस



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **16.07.2026**

## समस्या समाधान

शिक्षा के संदर्भ में समस्या समाधान वह शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया है, जिसमें विद्यार्थियों को किसी समस्या की पहचान करने, उसके कारणों का विश्लेषण करने, संभावित समाधान खोजने तथा उचित समाधान का चयन कर उसे लागू करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





गुजरात के गिर जंगल में महज **एक वोटर** के लिए पोलिंग बूथ है। यहाँ के प्राचीन मंदिर के **पुजारी महंत हरिदास जी** के लिए इस **पोलिंग बूथ** को कई साल पहले बनाया गया है।

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

मधु प्रिया

# जन सेवा केंन्द्र स्थापना दिवस

## • 16 जुलाई •

जन सेवा केन्द्र (Jan Seva Kendra) बिहार सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को उनके दैनिक कार्यों से जुड़े सरकारी सेवाऐं एक ही स्थान पर सरल, सुलभ और पारदर्शी तरीके से प्रदान करना है।




### उद्धेश्य

- सरकारी सेवाओं को आम जनता के लिए आसान बनाना।
- समय, श्रम और धन की बचत करना।
- भष्टाचार में कमी लाना और पारखर्थिता सुनिश्डित करना।
- डिजिटल सेवाओं के माध्यम से जनहित में कार्य करना।



### प्रमुख सेवाऐं

- जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र
- आवासीय प्रमाण पत्र
- आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र
- बिजली, पानी, पेंशन आदि सेवाऐं
- ऑनलाइन आवेदन एवं भुगतान सेवाऐं

जन सेवा केन्द्र नागरिकों और सरकार के बीच सेतु का कार्य करते हैं और एक सशक्त, सुशासन एवं सेवा-आधरित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# Teachers of Bihar
The change makers

जुलाई 16

# 16 जुलाई
## का इतिहास, जन्म, निधन एवं महत्वपूर्ण अवसर

### 16 जुलाई की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1999** - जॉन एफ. कैनेडी के पुत्र जॉन एफ. कैनेडी जुनियर की विमान दुर्घटना में मृत्यु।
- **2001** - जैत्क रोवें (बेल्जियम) अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के आठवें अध्यक्ष बने।
- **2002** - पराग्वे में आपातकाल की घोषणा।
- **2003** - पाकिस्तान, सकदी अरव और 53 अन्य इस्लामी देश, इस्रायल को 2005 तक मान्यता देने पर राजी।
- **2004** - चीन ने उत्तरी चीन के सबसे बड़े तटीय शहर त्यानतिन में पहला आन्लाइन वायु सुरक्षा अभ्यास किया।
- **2006** - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कोरिया पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित।
- **2007** - बांग्लादेश के पूर्व प्रधानसंत्री शेख हसीना वाजिज को धन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया गया।
- **2008** - ब्रिटेन के पूर्व प्रधानसंत्री टोनी ब्लेयर ने गाजा क्षेत्र की अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द की। अमेरिका ने अगले पाँच सालों में पाकिस्तान को साढ़े सात अरव डॉलर की असैनिक मदद के लिए एक विधेयक पेश किया।
- **2011** - देश में पिछले एक दशक में गांवों की तुलना में शहरी आवादी ढाई गुना से भी अधिक तेजों से बढ़ी हैं। भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यालय की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दशक में देश की जनसंख्या में 17.64 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह वृद्धि गांवों में 12.18 और शहरी क्षेत्रों में 31.80 प्रतिशत की रहीं है।

### 16 जुलाई को जन्मे व्यक्ति

- **1968** – धनराज पिल्लै – भारत के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी हैं।
- **1956** – भागवत कराड – महाराष्ट्र से राज्य सभा सांसद हैं, जिनका सम्बंध भारतीय जनता पार्टी से है।
- **1937** – आर. के. धवन – भारतीय राजनीतिज्ञ थे, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता और राज्य सभा सांसद थे।
- **1937** – ज़रीना हाशमी – भारतीय-अमेरिकी कलाकार और प्रिंटमेकर थीं।
- **1909** – अरुणा आसफ अली – 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' में योगदान देने वाली प्रमुख महिलाओं में से एक।
- **1984** – कटरीना कैफ़ – बालिवुड अभिनेत्री।
- **1923** – के. वी. कृष्ण राव – भूतपूर्व भारतीय थल सेना प्रमुख थे।
- **1917** – जगदीशचन्द्र माथुर – प्रसिद्ध नाटककार।
- **1896** – ट्रीग्वे ली – प्रसिद्ध मजदूर नेता, राजकीय अधिकारी, नॉर्वीयन राजनीतिज्ञ तथा जानेमाने लेखक थे।

### 16 जुलाई को हुए निधन



**2021**
सुरेखा सीकरी – भारतीय अभिनेत्री और टेलीविजन कलाकार हैं।



**2017**
नर बहादुर भंडारी – सिक्किम के भूतपूर्व दूसरे मुख्यमंत्री थे।



**2005**
के. वी. सुबन्ना – प्रसिद्ध कन्नड़ नाटककार थे।

"इतिहास हमें प्रेरणा देता है, घटनाऐं हमें सीख देती हैं और व्यक्तित्व हमें आगे बढ़ने की राह दिखाते हैं।"

Madhu Priya

TEACHERS OF BIHAR – THE CHANGE MAKERS

# TOB खेल कॉर्नर

खेल से सीख, जीवन में जीत

# फुटबॉल वर्ल्ड कप में रेड कार्ड का इतिहास

**189**
**रेड कार्ड**
रेड कार्ड दिखाए गए अब तक।

**13**
रेड कार्ड दिए जा चुके हैं मौजूदा वर्ल्ड कप में।

**28**
रेड कार्ड दिखाए गए थे 2006 वर्ल्ड कप में, ये सबसे ज्यादा।

**1930 में पेरू के प्लासीडो गैलिडो को पहला रेड कार्ड दिखाया गया था।**

## रेड और यलो कार्ड का मतलब

**रेड कार्ड**

प्लेयर को गंभीर गलती के लिए दिया जाता है।
उस प्लेयर को तुरंत मैदान से बाहर जाना होता है।
फुटबॉल वर्ल्ड कप में प्लेयर अगले मैच से भी बैन हो जाता है।

**यलो कार्ड**

प्लेयर को छोटी गलती के लिए चेतावनी देने के लिए यलो कार्ड दिखाया जाता है।
गलती दोहराने पर इसे रेड कार्ड में बदला जा सकता है।
एक ही मैच में दो यलो कार्ड मिलने का मतलब एक रेड कार्ड है।

## रेड कार्ड से जुड़े कुछ दिलचस्प तथ्य

ब्रिटिश रेफरी केन एस्टन ने मैदान पर दी जाने वाली चेतावनियों और सजा को दिखाने के लिए कलर सिस्टम शुरु किया था।

प्लेयर को पहले भी कार्ड दिए जाते थे। तब रेड कार्ड पर प्लेयर को बाहर नहीं किया जाता था। अधिकारी मौखिक रूप से सख्ती के आधार पर फैसला लेते थे।

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

★ खेल भावना अपनाएं, नियमों का सम्मान करें। ★

16 जुलाई

धनराज पिल्लै


का जन्मदिन

✦ भारतीय हॉकी के जादूगर ✦

# धनराज पिल्लै



## सादर नमन!




### जन्म तिथि

✦ 16 जुलाई 1963 ✦

धनराज पिल्लै भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और महान मिडफील्ड खिलाड़ी थे, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना से भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन किया।

### परिचय

धनराज पिल्लै को भारतीय हॉकी के इतिहास का सबसे बेहतरीन प्लेमेकर माना जाता है। उनकी सटीक पासिंग, तेज गति और अद्भुत खेल कौशल ने उन्हें 'हॉकी का जादूगर' की उपाधि दिलाई। उन्होंने भारतीय हॉकी को नई पहचान दी और युवा खिलाड़िजों के लिए प्रेरणा स्रोत बने।

### प्रमुख उपलब्धियां

- ★ 1996 अटलांटा ओलंपिक में भारतीय टीम के कप्तान और कांस्य पदक विजेता।
- ★ 1998 बैंकॉक एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य।
- ★ 1994 हिरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में विजेता टीम के सदस्य।
- ★ अपने बेहतरीन पासिंग, ड्रिबिलिंग और खेल की समझ के लिए विश्व प्रसिद्ध।
- ★ 2000 सिडनी ओलंपिक में भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व
- ★ अर्जुन पुरस्कार (1995) से सम्मानित।
- ★ पदमश्री (2001) से सम्मानित।

### प्रेरणादायक विचार

"सपने वो नहीं जो आप सोते समय देखते हैं, सपने वो हैं जो आपको सोने नहीं देते।"



ऐसे महान खिलाड़ी को उनके जन्मदिन पर

**सादर ममन!**



उनका समर्पण, संघर्ष और सफलता हम सभी के लिए प्रेरणा है!

★★★ www.teachersofbihar.org ★★★ राकेश कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



मध्य विद्यालय भनरा, चांदन, बांका

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



**NPS** इमामगंज, ओबरा, औरंगाबाद

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




प्राथमिक विद्यालय छुरछुरीया, फारबिसगंज, अररिया

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



**NPS** बलरा दुसाध टोली, बरौली, गोपालगंज

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR